# श्रम कानूनों को खत्म करने के विरोध में संगठनों ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

**रैली**

⏩ यह रैली पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से शुरू होकर ओल्ड डीसी ऑफिस निकाली गई



**टीम एक्शन इंडिया/ सेलन/ मनीष**

**श्रम** कानूनों को खत्म करने के विरोध में लगातार ट्रेड यूनियन इसका विरोध कर रही है और इसको लेकर लगातार केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की जा रही है बुधवार को सोलन में भी सीटू, एटक और विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर सोलन मॉल रोड़ पर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और 44 श्रम कानूनों को खत्म करने का विरोध किया गया। इस दौरान कर्मचारियों, ऑटो रिक्शा चालक, महिला मजदूर और युवाओं ने इस रैली में भाग लिया और यह रैली पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से शुरू होकर ओल्ड डीसी ऑफि स निकाली गई जिसमें केंद्र सरकार के खिलाफ सभी ने एकजुट होकर हल्ला बोला। सीटू के जिला अध्यक्ष मोहित ठाकुर ने कहा कि आज पूरे देश भर में 44 श्रम कानून को खत्म करने के विरोध में विभिन्न ट्रेड यूनियन द्वारा रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की जा रही है और यह मांग की जा रही है कि इन 44 श्रम कानून को दोबारा से बहाल किया जाए। मोहित ठाकुर ने कहा कि आज मजदूर, कर्मचारी, किसानों की जिस तरह से हालत केंद्र में मोदी सरकार के सत्ता संभालने के बाद हुई है उसके बाद आज उनकी स्थिति दयनीय हो चुकी है वहीं दूसरी तरफ विभिन्न परियोजनाओं में जो कर्मचारी चाहे वह मिड डे मील कर्मचारी है आशा वर्कर है उन्हें ठेकेदारी प्रथा से हटाकर सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाए और उन्हें उचित मानदेय प्रदान किया जाए। सीटू जिलाध्यक्ष मोहित ठाकुर ने कहा कि इन सभी मांगों को लेकर आज सोलन में कर्मचारियों, मजदूर वर्ग किसानों महिलाओं युवाओ ने एक मंच पर आकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की है और आह्वान किया है कि जो 44 श्रम कानून को खत्म करके 4 श्रम संहिता लागू की गई थी उसे हटाया जाए और दोबारा से 44 श्रम कानून को बहाल किया जाए।

# 'जिले में खाद की कमी को लेकर किसान दर-दर ठोकरें खाने को मजबूर'

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**



**भारतीय जनता** पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष धीरज नरियाल ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि अगर तीन दिनों के भीतर भीतर जिला के किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करवाई गई तो भारतीय जनता पार्टी किसानों को साथ लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना देगी। नारियल ने कहा कि जिला के किसान खाद उपलब्ध न होने के कारण दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं पर प्रदेश सरकार उनकी इस समस्याओं से बेखबर है। हिमफैड कार्यालय मैं जो डिमांड आनी चाहिए थी उसकी आधी भी नहीं आ पाई है। इसके अलावा सलूणी तीसा चुवाडी.इत्यादि क्षेत्रों में भी खाद की आपूर्ति ऊंट के मुंह में जीरा डालने वाली कहावत चरितार्थ कर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार का जिक्र करते हुए कहा की जयराम सरकार के समय डिमांड से अधिक खाद उपलब्ध करवाई जाती रही है मगर जब से यह सरकार आई है तबसे किसान मायूस है। जिला के लगभग 70ः किसान एक ही फसल पर निर्भर है अगर समय रहते खाद नहीं आई तो उसके बाद इस खाद का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। धीरज नरियाल ने प्रदेश सरकार तथा कृषि मंत्री को आगाह किया है कि अगर 3 दिन के भीतर भीतर खाद की आपूर्ति जिला चंबा में नहीं हुई तो भारतीय जनता पार्टी जिला के किसानों को साथ लेकर आंदोलन छेड़ देगी तथा उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर पूर्व भाजपा विधायक पवन नैयर तथा भाजपा नेता महाराज सिंह बडियाल भी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### तबादले के पांच माह बाद भी रेजिडेंस खाली नहीं कर रहे तहसीलदार

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा। अप्रैल** माह में चच्योट से ट्रांसफर होने के बाद भी तहसीलदार कृष्ण कुमार ने गोहर में अपना सरकारी आवास खाली नहीं किया है। आवास खाली न होने से नये तहसीलदार जिनके पास एसडीएम गोहर का अतिरिक्त कार्यभार भी है। पांच माह से किराये के आवास में रहने को विवश हैं। सरकारी आवास की सुविधा न मिलने से तहसीलदार क्षेत्र के लोगों को समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। सरकारी आवास होते हुए भी तहसीलदार का किराये के क्वार्टर रहना और पुराने तहसीलदार द्वारा आवास खाली न करना चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार तहसीलदार कृष्ण कुमार दोबारा चच्योट आने की जुगत भिड़ा रहे हैं और कुछ रसूखदार लोग इस कोशिश में लगे हुए हैं।

**आपदा में राहत बचाव कार्य हो रहे प्रभावित**

एसडीएम और तहसीलदार का दोहरा कार्यभार संभाल रहे मित्र देव मोहटल आवास के अभाव में के कारण कार्यालय समय के बाद अपने सरकारी आवास में उपलब्ध नहीं हो पा रहे जिस वजह से आपदा की इस घड़ी में राहत कार्य प्रभावित हो रहे है। रविवार शाम को आपदा प्रभावित कुछ लोग एसडीएम से मिलने उनके आवास पर पहुंचे तो वह वहां नहीं मिले। सोमवार सुबह भी ऐसा ही वाकया देखने को मिला। तहसीलदार मित्र देव मोहटल जिनके पास एसडीएम गोहर का अतिरिक्त कार्यभार भी है ने बताया कि पुराने तहसीलदार द्वारा आवास खाली न करने बारे उच्च अधिकारियों को लिख दिया है। लोगों को असुविधा न हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रशासन आपदा प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहा है। सरकारी आवास खाली ना करने बारे तहसीलदार कृष्ण कुमार से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा 26 अप्रैल 2023 को मेरे तबादला आर्डर हुए मगर मुझे कोई भी स्टेशन नहीं दिया गया जिस वजह से मैं वहीं रहा। तत्पश्चात 3 जुलाई 2023 को मेरे तबादला ऑर्डर तहसील हेडक्वार्टर ज्वाली के लिए आए। मैंने वहां ज्वाइन किया मगर बच्चों की शिक्षक के कारण बेटे के जमा दो के बोर्ड के पेपर हैं और वो डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर में शिक्षा ग्रहण कर रहा है जिस वजह से एकदम से सरकारी आवास खाली करना मेरे लिए संभव नहीं है। वैसे भी हमें तबादला के चार महीने तक सरकारी आवास खाली करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। अभी तो मुझे मात्र एक महीना कुछ दिन ही हुए हैं ट्रांसफर हुए। जल्दी ही सरकारी आवास खाली कर दिया जाएगा ताकि किसी भी अन्य अधिकारी को परेशानी का सामना न करना पड़े।


### एचडीएफसी बैंक ने पुरानी गाड़ी नई शुरूआत अभियान शुरू किया

**शिमलाः** एचडीएफसी बैंक पुरानी गाड़ी नई शुरूआत अभियान के तहत एक राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहा है।7 अगस्त, 2023 को शुरू हुए इस एक सप्ताह के अभियान का उद्देश्य ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों को प्रयुक्त वाणिज्यिक वाहनों और प्रयुक्त निर्माण उपकरणों की खरीद के लिए अग्रिम राशि प्रदान करना है।इस पहल के एक हिस्से के रूप में एचडीएफसी बैंक देश भर में खासकर ग्रामीण और अर्ध.शहरी स्थानों में लगभग 50000 ट्रांसपोर्टरों,ठेकेदारों और बिचौलियों तक पहुंचने की योजना बना रहा है। यह अभियान ेंगलुरु,कोलकाता, अहमदाबाद,मुंबई, जयपुर,चेन्नई,प्रयागराज,हैदराबाद,इंदौर, चेन्नई,दिल्ली, वडोदरा,कोच्चि,जोधपुर,पुणे,लुधियाना और करनाल की शाखाओं सहित पूरे भारत में चलाया जा रहा है।इस सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक प्रमुख परिवहन केंद्रों पर कई बड़े और छोटे आकार के कार्यक्रम भी आयोजित करेगा और इसके साथ बैंक का लक्ष्य प्रयुक्त वाणिज्यिक वाहन वित्तपोषण क्षेत्र में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाना है। राहुल एस शुक्ला,समूह प्रमुख वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग,एचडीएफसी बैंक ने कहा हम इस पहल से उत्साहित हैं जहां बैंक अधिकारी दूरदराज के स्थानों में ग्राहकों तक पहुंचेंगे। इससे हजारों ड्राइवरों को ट्रकों का मालिक बनने में मदद मिलेगी।एचडीएफसी बैंक के ट्रांसपोर्टेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस ग्रुप के ग्रुप हेड राजिंदर कुमार बब्बर ने कहा इससे बैंक को इस सेगमेंट में नए ग्राहक जोड़ने और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

# नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आज भी झूठ की राजनीति कर रहे हैं: कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**





**कृषि** मंत्री प्रो. चंद्र कुमार और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आज भी झूठ की राजनीति कर रहे हैं और सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया। गत दिवस को दोनों मंत्रियों ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से अंतरिम राहत राशि जारी करने के उनके दावे बिल्कुल झूठ हैं और केंद्र की ओर से अभी तक अंतरिम राहत की पहली किश्त भी जारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जय राम ठाकुर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास न करें और राजनीति करने की बजाय हिमाचल प्रदेश के हित में केंद्र से आर्थिक मदद दिलाने में राज्य सरकार की सहायता करें।मंत्रियों ने कहा कि ऑडिट पैरा के कारण पिछले कुछ वर्षों की रुकी हुई 315 करोड़ रुपए की राहत राशि में से केंद्र सरकार की ओर से 189 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। इन ऑडिट की आपत्तियों को राज्य सरकार के प्रयासों से दूर किया गयाए लेकिन अभी भी कुल राशि में से बकाया राशि जारी करना बाकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को एसडीआरएफ के अंतर्गत प्रति वर्ष कुल 360 करोड़ रुपए आपदा से हुए नुकसान की एवज में दो किस्तों में जारी की जाती हैं। 180 करोड़ रुपए की पहली किस्त को केंद्र सरकार ने जून में जारी किया तथा दिसंबर में मिलने वाली दूसरी 180 करोड़ रुपए की किस्त को एडवांस में प्रदेश को दिया है। यह 360 करोड़ रुपए हिमाचल प्रदेश का हक हैं, जो सभी राज्यों को दिए जाते हैं तथा अलग से कोई आर्थिक मदद जारी नहीं की गई है। प्रोण चंद्र कुमार और अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश में अभूतपूर्व आपदा के कारण प्रदेश को 8000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। केंद्र सरकार की एक टीम ने राज्य का दौरा भी किया हैए लेकिन इस नुकसान की एवज में केंद्र सरकार की ओर से अभी तक एक भी पैसा जारी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हाल ही में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर राज्य के हालात से उन्हें अवगत करवा दिया है और प्रदेश के लिए अंतरिम राहत की पहली किश्त जारी करने की माँग की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों से प्रभावितों की हर संभव सहायता करने का प्रयास कर रही है,लेकिन केंद्र सरकार से अभी भी राज्य सरकार को अंतरिम राहत की पहली किश्त का इंतजार है।

# प्रधानाचार्य के साथ मारपीट की घटना कोई साधारण घटना नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



**पृथ्वी** अभ्युदय एडुकेटर्स एसोसिएशन-इंडिया (पाई) ने सरकारी स्कूल के छात्र द्वारा अपने ही विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ उदंड व्यवहार करने के मामले का लेकर कड़ी निंदा की हैं। एसोसिएशन के फाउंडर चेयरमैन डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि यह दुर्व्यवहार व मारपीट की घटना कोई साधारण घटना नहीं है। यह आज के समाज में एक असुरक्षित राष्ट्र निमार्ता व खोखले हो रहे समाज का सजीव चित्रण है। आज ऐसी घटनाएं भविष्य को अंधकारमय करने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि यह एसोसिएशन संपूर्ण भारतवर्ष में शिक्षकों, प्रधानाचार्यो एवं निदेशकों के कल्याण व हितों के लिए प्रयासरत है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है इस इस तरह के मामलों की कठोरता के साथ जांच की जाए तथा शिक्षक वर्ग की गरिमा को बनाए रखने के लिए अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि आज ऐसे घृणित व्यक्ति, जो उन राष्ट्र निमार्ताओं के साथ कभी गाली-ग्लोच, तो कभी मारपीट, तो कभी सरेआम हत्या तक कर देते हैं, वो अपने बच्चों के लिए क्या उदाहरण स्थापित करना चाहते हैं। पृथ्वी अभ्युदय एडुकेटर्स एसोसिएशन-इंडिया (पाई) सरकार से शिक्षाविदों के लिए अधिकार व सुरक्षा की मांग करती है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसा घृणित कार्य करने का साहस न जुटा सके।

## डाक उपमंडल ने निकाली तिरंगा जागरूकता रैली

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। डाक** उपमंडल अंब के निरीक्षक सारंगपाणि कौशल ने बुधवार को उपमंडल अंब की अपनी सारी टीम के साथ आजादी के उपलक्ष हर घर तिरंगा एक जागरूक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सारंगपणि कौशल ने बताया कि पूरे हिमाचल प्रदेश के हर उपमंडल में आजादी के उपलक्ष्य जागरूक रैलियां निकाली जा रही है और उसी के उपलक्ष में निरक्षक डाक उपमंडल अंब ने भी रैली निकाली है।

बता दें कि पूरी डाक टीम द्वारा ये रैली डाकघर अंब से शुरू की गई और बस स्टैंड से होते हुए अंब चौंक से भारत माता की जय, वंदे मातरम के जय घोष के साथ डाकघर अंब में समापन हुई। रैली में सारंगपाणि कौशल ने बताया की कि तिरंगा हमारे सभी डाकघरों में उपलब्ध रहेगा और हम सभी को 15 अगस्त आजादी के दिन अपने-अपने घर की शत पर एक तिरंगा नियमानुसार जरूर लगाएं। इस रैली में हनीफ मोहम्मद, हनीश कुमार, शेर सिंह, मसतान, नीरज, अनु, शुक्ला, सुमन, नवजोत, शिव, सुरेश, कृष्ण व मनीषा आदि मौजूद रहे।

# सोलन के साथ लगती ग्राम पंचायत मशीवर के गांव कोटला में गिरा एक पुराना भवन

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**



**बुधवार** सुबह सवेरे करीब 4 बजे जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगती ग्राम पंचायत मशीवर के गांव कोटला में एक मकान गिरने की वजह से दो लोग इसकी चपेट में आए हैं, जिसमें से एक व्यक्ति की मौत हुई है वहीं दूसरा व्यक्ति घायल अवस्था में क्षेत्रीय अस्पताल सोलन पहुंचाया गया है। दोनों ही व्यक्ति नेपाली मुल के हैं और दिहाड़ी मजदूरी का काम ग्राम पंचायत मशीवर और उसके आसपास के गांव में करते हैं सुबह करीब 4 बजे जिस मकान में यह रह रहे थे वह कच्चा था और अचानक से गिर गया जिसमें एक व्यक्ति जिसका नाम अर्जुन बहादुर है उसकी तो मृत्यु हो चुकी है वही दूसरा व्यक्ति घायल है जिसके हाथ और पांव में चोट आई है घायल हुए व्यक्ति ने खिडकी से बाहर निकाल कर अपनी जान बचाई है। जैसे ही इस घटना के बारे में ग्रामीणों को पता लगा तो ग्रामीण घर के पास पहुंचे और दोनों लोगों को बाहर निकाला इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को क्षेत्रीय अस्पताल सोलन पहुंचाया गया।





30 जून,2023 को समाप्त तिमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक: समाप्त तिमाही 30.06.2023 (अनंकेक्षित) | पृथक: समाप्त तिमाही 30.06.2022 (अनंकेक्षित) | पृथक: समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) | समेकित: समाप्त तिमाही 30.06.2023 (अनंकेक्षित) | समेकित: समाप्त तिमाही 30.06.2022 (अनंकेक्षित) | समेकित: समाप्त वर्ष 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 66,462 | 1,00,625 | 2,93,541 | 67,479 | 1,00,411 | 2,93,835 |
| 2. | असाधारण मदों तथा कर पूर्व लाभ | 38,018 | 65,006 | 1,76,176 | 38,283 | 65,237 | 1,76,729 |
| 3. | कर पूर्व लाभ | 38,018 | 65,006 | 1,73,213 | 38,283 | 65,237 | 1,73,766 |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ | 27,020 | 60,779 | 1,36,345 | 27,175 | 60,923 | 1,35,930 |
| 5. | कर पश्चात कुल व्यापक आय | 26,970 | 60,738 | 1,36,143 | 27,125 | 60,882 | 1,35,727 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (10/- रुपए प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू) | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 | 3,92,980 |
| 7. | पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर अन्य इक्विटी | 10,16,187 | 9,80,619 | 9,89,217 | 10,20,099 | 9,84,936 | 9,92,974 |
| 8. | नेटवर्थ | 14,09,167 | 13,73,599 | 13,82,197 | 14,13,079 | 13,77,916 | 13,85,954 |
| 9. | प्रदत्त ऋण पूंजी | 7,54,442 | 5,51,159 | 7,19,936 | 15,23,201 | 7,98,994 | 14,07,171 |
| 10. | निरंतर प्रचालनों के लिए प्रति शेयर आय (विनियामक आस्थगन खाता शेष में शुद्ध बदलाव से पूर्व) (10/- रुपए प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं) (रुपए में) | | | | | | |
| | (बेसिक एवं डायल्यूटेड) | 0.74 | 1.45 | 3.50 | 0.74 | 1.45 | 3.49 |
| 11 | निरंतर प्रचालनों के लिए प्रति शेयर आय (विनियामक आस्थगन खाता शेष में शुद्ध बदलाव के पश्चात) (10/- रुपए प्रत्येक) (वार्षिकीकृत नहीं) (रुपए में) | | | | | | |
| | (बेसिक एवं डायल्यूटेड) | 0.69 | 1.55 | 3.47 | 0.69 | 1.55 | 3.46 |
| 12 | ऋण इक्विटी अनुपात | 0.54 | 0.40 | 0.52 | 1.08 | 0.58 | 1.01 |
| 13. | ऋण सेवा कवरेज अनुपात | 3.10 | 6.97 | 4.05 | 3.18 | 6.99 | 4.22 |
| 14. | ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | 5.90 | 18.19 | 10.43 | 6.18 | 18.23 | 11.87 |

नोटः उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। कंपनी के वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारूप हमारी वेबसाइट http://www.sjvn.nic.in के निवेशक खण्ड तथा बीएसई तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कारपोरेट खण्ड के तहत http://www.bseindia.com तथा http://www.nseindia.com वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 09 अगस्त, 2023

एसजेवीएन लिमिटेड
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
मिनी रत्न एवं शेड्यूल 'ए' पीएसयू
CIN: L40101HP1988GOI008409

पंजीकृत कार्यालयः शक्ति सदन, एसजेवीएन कारपोरेट कार्यालय परिसर, शनान, शिमला - 171006, हिमाचल प्रदेश
www.sjvn.nic.in

निदेशक मंडल के लिए एवं उनकी ओर से
हस्ता.
(नन्द लाल शर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 03495554

